व्यवस्था पर सवाल... पटवारखानों में एजेंटों का नेटवर्क! सरकारी सिस्टम पर निजी लोगों का कब्जा



राजवीर बक्खी | लुधियाना
समर न्यूज

जिले के विभिन्न पटवारखानों और राजस्व कार्यालयों में पड़ताल के दौरान सरकारी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करने वाली तस्वीर सामने आई है। कई कार्यालयों में संबंधित अधिकारी और कर्मचारी अपनी सीटों से नदारद मिले।

उनकी जगह निजी व्यक्ति लोगों के दस्तावेजों की जांच करते, सरकारी रिकॉर्ड संभालते और कंप्यूटर सिस्टम पर काम करते दिखाई दिए। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इन एजेंटों के माध्यम से काम करवाने के लिए उनसे सुविधा शुल्क भी मांगा जाता है।

डीसी ऑफिस में तहसीलदार की जगह निजी व्यक्ति संभालता मिला काम

डीसी कार्यालय के कमरा नंबर-80 स्थित तहसीलदार कार्यालय में निरीक्षण के दौरान तहसीलदार अपनी सीट पर मौजूद नहीं मिले। उनकी जगह एक निजी व्यक्ति कंप्यूटर पर बैठकर लोगों के दस्तावेज देख रहा था और उनसे बातचीत कर रहा था। वहीं दूसरा व्यक्ति सरकारी रिकॉर्ड से जुड़े दस्तावेजों की जांच करता नजर आया। मौके पर मौजूद लोगों का कहना था कि अधिकारी के नहीं मिलने पर उन्हें इन्हीं लोगों के जरिए अपना काम करवाना पड़ता है। आरोप है कि कई मामलों में सुविधा शुल्क की भी मांग की जाती है।

▪ सराभा नगर पटवारखाने में भी निजी व्यक्ति संभाल रहा था काम...

सराभा नगर पटवारखाने में भी पटवारी कार्यालय में मौजूद नहीं मिले। उनकी जगह एक निजी व्यक्ति लोगों के दस्तावेजों की जांच करता और फाइलें संभालता मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह व्यक्ति रोजाना कार्यालय में बैठता है और अधिकांश काम उसी के माध्यम से होता है। लोगों का आरोप है कि काम जल्दी करवाने के नाम पर पैसे मांगे जाते हैं और एजेंट के बिना फाइलों में अनावश्यक देरी की जाती है।

▪ *इस संबंध में जब **एडीसी शिखा भगत** से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह मामला अभी उनके ध्यान में नहीं है। उन्होंने कहा कि शिकायत और सामने आए तथ्यों की जांच करवाई जाएगी। यदि जांच के दौरान किसी भी पटवारखाने या राजस्व कार्यालय में निजी एजेंट सरकारी कामकाज करते पाए गए तो नियमानुसार बनती कार्रवाई की जाएगी।*

कासाबाद से भामिया कलां क्षेत्र तक अवैध कॉलोनियों का खेल

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज

शहर से सटे कासाबाद और भामिया कलां क्षेत्र में कथित तौर पर अवैध कॉलोनियों का कारोबार तेजी से फैल रहा है। आरोप है कि बिना जरूरी सरकारी मंजूरी के रिहायशी प्लॉट और व्यावसायिक दुकानें काटकर लोगों को दो-दो साल की आसान किश्तों का लालच दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कॉलोनाइज़र आकर्षक ऑफर देकर भोले-भाले लोगों की गाढ़ी कमाई निवेश करवाने में जुटे हैं, जबकि कॉलोनियों की वैधता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

▪ मंजूरी पर उठे सवालः स्थानीय लोगों के अनुसार कासाबाद क्षेत्र में सड़क किनारे व्यावसायिक दुकानें और अंदर रिहायशी प्लॉट विकसित किए जा रहे हैं। आरोप है कि पूरी परियोजना बिना आवश्यक अनुमतियों के आगे बढ़ाई जा रही है। लोगों का कहना है कि आसान किश्तों का झांसा देकर खरीदारों को आकर्षित किया जा रहा है, लेकिन बाद में उन्हें कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

क्षेत्रवासियों का दावा है कि कॉलोनी में पानी की व्यवस्था के लिए बोरवेल भी लगाया जा रहा है। यह नियमों के उल्लंघन का गंभीर मामला हो सकता है।

खन्ना में फौजी ने उठाया खौफनाक कदम, पंखे से लटकता मिला शव

धर्मेंद्र | खन्ना (लुधियाना)
समर न्यूज

खन्ना के आनंद नगर इलाके में भारतीय सेना के एक हवलदार द्वारा खुदकुशी किए जाने का मामला सामने आया है।



मृतक की पहचान जसबीर सिंह (38) के रूप में हुई है, जो भारतीय सेना में हवलदार के पद पर तैनात थे और वर्तमान में उनकी पोस्टिंग पठानकोट में थी।

वे करीब तीन दिन पहले ही छुट्टी लेकर अपने घर आए थे। उनका शव घर के अंदर पंखे से लटका मिला। परिजनों ने जब जसबीर सिंह को कमरे में पंखे से लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचित किया गया। जसबीर सिंह अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए हैं।

मृतक के ससुर अंग्रेज सिंह ने बताया कि उन्हें नहीं पता कि आखिर ऐसी क्या बात हुई, जिसके चलते जसबीर सिंह ने यह कदम उठाया। जसबीर दो दिन पहले ही छुट्टी पर घर आए थे और उनकी कोई बातचीत भी नहीं हो पाई थी। स्थानीय पार्षद हरदीप सिंह नीनूं ने बताया कि पड़ोसियों के फोन पर वह मौके पर पहुंचे, जहां जसबीर सिंह का शव पंखे से लटका मिला।

न्यूज ब्रीफ

तीर्थ यात्रा के लिए हरी झंडी दिखा रवाना किया

दविंदर कुमार/मुल्लांपुर दाखा/समर न्यूज | पंजाब सरकार की तीर्थ बस यात्रा योजना के तहत मुल्लांपुर के वार्ड नंबर 9 से श्रद्धालुओं से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। श्रद्धालुओं का फूल मालाओं से स्वागत किया गया और उनकी सुरक्षित व मंगलमय यात्रा की कामना की गई। पार्षद सरोज बांसल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शुरू की गई यह योजना आम परिवारों को प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर दे रही है। कार्यक्रम में मुकेश बांसल, नवल किशोर, जसवीर सिंह, राहुल जोशी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

दीन दयाल स्पर्श योजना में 4 छात्रों को स्कॉलरशिप

मुल्लांपुर दाखा/समर न्यूज | भारतीय डाक विभाग द्वारा दीन दयाल स्पर्श योजना के विजेताओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल, लुधियाना के 222 छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया, जिनमें से 14 छात्र दूसरे राउंड के लिए चयनित हुए। स्कूल के अलीना, जपनीत कौर, आद्विका प्राशर और आरोही सहनन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 6,000 की स्कॉलरशिप जीती। डाक विभाग के अधिकारियों ने विजेताओं को सम्मानित किया तथा डाक टिकट संग्रह के प्रति जागरूकता गतिविधियाँ भी आयोजित कीं। प्रिंसिपल डॉ. अनु वर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मास्टर तारा सिंह कॉलेज में नए सत्र की शुरुआत

लुधियाना/समर न्यूज | मास्टर तारा सिंह मैमोरियल कॉलेज फॉर विमेन में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत ओरिएंटेशन प्रोग्राम के साथ हुई। बीए और बीकॉम की नई छात्राओं को कॉलेज प्राचार्या डॉ. किरनदीप कौर ने संबोधित करते हुए कॉलेज के नियमों, अनुशासन और आत्मनिर्भर बनने के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों ने पुस्तकालय, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और सर्वांगीण विकास के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी।

बाबा श्याम मंदिर बन रहा श्रद्धा का केंद्र : संजय

लक्की भट्टी/लुधियाना/समर न्यूज | चंडीगढ़ रोड कोहाडा चौंक के समीप नवनिर्मित श्री खाटू श्याम सालासर मंदिर में साप्ताहिक हरिनाम संकीर्तन ट्रस्टी प्रदीप मित्तल, संदीप अग्रवाल,एल.आर.मित्तल,अनिल मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। संकीर्तन में श्याम बाबा का गुणगान ऋतु श्रीमाली उदयपुर व नेहा शर्मा हनुमानगढ़ वालो द्वारा किया गया। संकीर्तन से पूर्व आचार्य दीपक पाण्डेय, पंडित तारानाथ, पंडित करण शास्त्री द्वारा मंत्रोचारण से बाबा श्याम का पूजन किया गया।संकीर्तन में पंडित करण उपाध्याय व पारस गर्ग परिवार की ओर से देसी व विदेशी फूलों से बाबा श्याम का श्रृंगार किया गया।जोकि देखने योग्य था।

बिना वेतन के सरकारी योजनाओं की जिम्मेदारी निभा रहे डेटा एंट्री ऑपरेटर

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

नगर निगम में ठेके पर कार्यरत डेटा एंट्री ऑपरेटर पिछले तीन महीने से बिना वेतन के सरकारी योजनाओं का काम संभाल रहे हैं। अप्रैल, मई और जून की तनख्वाह अब तक जारी नहीं हुई, जबकि जुलाई खत्म होने को है।

महज करीब 13 हजार रुपये मासिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों का कहना है कि आर्थिक हालत इतनी खराब हो चुकी है कि घर का खर्च चलाना तो दूर, ड्यूटी पर आने-जाने के लिए मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाना भी मुश्किल हो गया है।

उनसे एसआईआर, ड्रग सर्वे, 10 लाख बीमा योजना और जनगणना जैसे अहम सरकारी कार्य लगातार करवाए जा रहे हैं। नगर निगम में पिछले तीन वर्षों से नियमित टेंडर प्रक्रिया की बजाय ठेकेदारों को एक्सटेंशन देकर काम करवाने का सिलसिला जारी है। फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी (एफ एंड सीसी) में नए टेंडर का प्रस्ताव आने के बावजूद हर साल पुराने ठेकेदार को ही विस्तार दिया जा रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि इस व्यवस्था का सीधा असर उनके वेतन पर पड़ रहा है और उन्हें समय पर भुगतान नहीं मिल रहा।

वर्ष 2023 में इंडिया सिक्योरिटी कंपनी को डेटा एंट्री ऑपरेटरों के वेतन भुगतान का ठेका मिला था। कर्मचारियों का कहना है कि एक्सटेंशन शुरू होने के बाद से ही वेतन समय पर मिलना बंद हो गया। ठेके की शर्तों के अनुसार हर महीने की 10 तारीख तक वेतन कर्मचारियों के खातों में पहुंच जाना चाहिए, लेकिन हकीकत यह है कि भुगतान दो-दो और तीन-तीन महीने की देरी से किया जा रहा है।

इंडिया सिक्योरिटी के जोगराज सिंह संधू ने कहा कि वेतन संबंधी बिल पहले ही भेज दिए गए थे। चेक पर हस्ताक्षर भी हो चुके हैं। 23 जुलाई तक सभी डेटा एंट्री ऑपरेटरों के खातों में लंबित वेतन जमा कर दिया जाएगा।

आखिर किसके इशारे पर जस्सियां में नहीं उठ रहा कूड़े का पहाड़



लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

जस्सियां क्षेत्र में कूड़े का विशाल डंप अब नगर निगम की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है। हैरानी की बात यह है कि नगर निगम कमिश्नर को "अर्जेंट इंपोर्टेंट टाइम बाउंड" की मोहर लगी लिखित शिकायतें दिए जाने के बावजूद कई दिनों से कूड़ा नहीं उठाया गया। ऐसे में लोगों के बीच चर्चा है कि आखिर अधिकारी कमिश्नर के निर्देशों को भी गंभीरता से क्यों नहीं ले रहे।

जस्सियां में कूड़े के ढेर के बीच ही रोजाना करीब 40 फड़ी विक्रेता सब्जी मंडी लगाने को मजबूर हैं। बदबू, गंदगी और उड़ती धूल के कारण ग्राहक मंडी का रुख करने से बच रहे हैं, जिससे छोटे कारोबारियों की रोजी-रोटी पर भी असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक सामाजिक संस्था के बच्चों ने जोन-ए कार्यालय से लेकर नगर निगम कमिश्नर तक कई बार शिकायतें भेजीं।

कूड़े के डंप की तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे हैं, लेकिन निगम की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। फड़ी विक्रेता बाल किशन पप्पी, दर्शन साहनी और पिंकी देवी ने बताया कि वे वर्षों से यहां सब्जियां बेच रहे हैं। नगर निगम उनसे हर महीने 1500 रुपये की फड़ी फीस वसूलता है। इसके अलावा सफाई कर्मचारी को भी प्रतिदिन 20 रुपये प्रति फड़ी देने पड़ते हैं। इसके बावजूद सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है और उन्हें कूड़े के ढेर के बीच बैठकर कारोबार करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी अमन गुप्ता, तरसेम सिंह और राजन कुमार का कहना है कि जब मौजूदा पार्षद विपक्ष में थे, तब इसी कूड़ा डंप को हटाने के लिए धरना दिया गया था। लेकिन सत्ता में आने के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया।

लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि पास में विकसित हो रही कॉलोनी और स्थानीय राजनीतिक खींचतान के कारण यहां कूड़ा डंप किया जा रहा है। हालांकि, इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पूर्व डिप्टी मेयर आर.डी. शर्मा सहित कई समाजसेवी भी लगातार इस मुद्दे को सोशल मीडिया पर उठा रहे हैं। समाजसेवी पंकज बादशाह ने बताया कि उन्होंने नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार को लिखित शिकायत दी थी, जिस पर "अर्जेंट इंपोर्टेंट टाइम बाउंड" की मोहर भी लगी हुई है। इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं हेल्पिंग यूथ संस्था से जुड़े बच्चों ने भी कई बार शिकायतें दीं, लेकिन कूड़े का डंप जस का तस बना हुआ है।

▪ राजनीतिक खींचतान की चर्चा...

जस्सियां में कूड़े के डंप को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक खींचतान की चर्चाएं भी तेज हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नेताओं के आपसी विवाद के चलते समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। निगम की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

फिल्लौर में मान सरकार का वादा पूराः आंगनबाड़ी वर्करों को बांटे नियुक्ति पत्र

शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज

पंजाब में आम आदमी पार्टी की मान सरकार द्वारा युवाओं और महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक और कदम उठाया गया।

फिल्लौर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विशेष समारोह में हलका इंचार्ज हरजोत कौर लोहटिया ने नवनियुक्त आंगनवाड़ी वर्करों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में सरकार बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। नियुक्ति पत्र मिलने पर लाभार्थी महिलाओं में उत्साह देखा गया और उन्होंने पंजाब सरकार का आभार जताया। कार्यक्रम में प्रभजोत कौर, अर्चना, सोनिका, लवप्रीत कौर, रमनदीप कौर, हरप्रीत कौर, प्रिया चंद्रा, राज कुमारी सहित अन्य लाभार्थी मौजूद रहीं। अंत में हरजोत कौर लोहटिया ने सभी वर्करों को अपनी ड्यूटी ईमानदारी, लगन और समर्पण के साथ निभाने तथा बच्चों और माताओं तक सरकारी सुविधाएं सही ढंग से पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

युवा पीढ़ी तक क्षत्रिय समाज का इतिहास पहुंचाना हम सबका दायित्व : डिंपल राणा

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा और महाराणा प्रताप राजपूत सभा की संयुक्त बैठक सोमवार को मुंडिया कलां स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में समाज के संगठन को मजबूत बनाने, युवाओं को शिक्षा एवं संस्कारों से जोड़ने तथा समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से मंथन किया गया।

गौतम पुंडीर, सुरजीत राणा, गुलजार गुलेरिया, जगदेव मिन्हास और उमेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पंजाब अध्यक्ष डिंपल राणा, कार्यकारी अध्यक्ष संत सिंह राणा तथा महाराणा प्रताप राजपूत सभा के अध्यक्ष राकेश मिन्हास विशेष रूप से उपस्थित रहे। डिंपल राणा ने कहा कि समाज की प्रगति और विकास के लिए एकता सबसे बड़ी शक्ति है।

उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज का गौरवशाली इतिहास, परंपराएं और संस्कार नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। कार्यकारी अध्यक्ष संत सिंह राणा और राकेश मिन्हास ने समाज के उत्थान, धार्मिक परंपराओं के संरक्षण तथा सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपनाकर समाज में सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता की भावना को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

जालंधर कैंट में इंजीनियर पेंशनर्स की बैठक कल

लुधियाना | इंजीनियर्स पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन पंजाब की बैठक बुधवार सुबह 11 बजे जालंधर कैंट स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में होगी। प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सुखविंदर सिंह बांगोवाणी ने बताया कि कर्मचारियों व पेंशनरों की जायज मांगों को लागू न करने के विरोध में यह बैठक बुलाई गई है। बैठक में 7 अगस्त की महारैली में भागीदारी की रणनीति बनाई जाएगी।

हेल्पफुल एनजीओ वेलफेयर सोसाइटी ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

नीलकमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज

हेल्पफुल एनजीओ वेलफेयर सोसाइटी जबदी की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें संस्था की नई टीम ने आगामी कार्यों और सुधार योजनाओं की जानकारी दी।

संस्था के प्रधान संदीप गुप्ता ने बताया कि सोसाइटी पूर्ण रूप से फ्री डायलिसिस सेंटर चला रही है और भविष्य में भी यह सेवा निशुल्क जारी रहेगी। संस्था में कोई कैश काउंटर नहीं है और किसी भी सदस्य को दान, दवाई, इंजेक्शन या अन्य किसी मद में पैसा लेने की अनुमति नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कोई दान देना चाहता है तो वह कार्यालय में जमा कराकर रसीद अवश्य प्राप्त करे। मुख्य एडवाइजर जनक राज गोयल ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 100 मरीजों की डायलिसिस की जा रही है।

श्रद्धा | विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना के साथ सिद्ध पीठ में हुआ भव्य हवन यज्ञ

गुप्त नवरात्र, सावन के महत्व पर संतों ने डाला प्रकाश, उमड़ी भक्तों की भीड़



भाजपा नेता जीवन गुप्ता का सम्मान करते अनुज मदान और अन्य।

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज

सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर, जोशी नगर धाम, शंकराचार्य नगर में साप्ताहिक श्रृंखलाबद्ध 1354वां हवन यज्ञ मंदिर के प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन एवं उपप्रधान अनुज मदान की अध्यक्षता में श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ। प्रातःकाल आयोजित हवन में यजमान परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर विश्व शांति, मानव कल्याण, राष्ट्र की उन्नति और परिवारों की सुख-समृद्धि के लिए पवित्र अग्नि में आहुतियां अर्पित कीं। आचार्य देवी दयाल जी, आचार्य राम जी, आचार्य विश्राम जी, आचार्य संजय जी, आचार्य सुरेश जी एवं आचार्य नारायण जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक हवन संपन्न करवाया।

हवन के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान श्री हनुमान जी के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अमन जैन, ऋषि जैन और अनुज मदान ने सावन मास में आने वाले गुप्त नवरात्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे आत्मिक उन्नति और शक्ति साधना का विशेष पर्व बताया। भाजपा वरिष्ठ नेता जीवन गुप्ता भी दरबार में नतमस्तक हुए और कहा कि मंदिर वर्षों से सनातन धर्म, संस्कृति और धार्मिक संस्कारों के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

डीएवी सेंटेनरी कॉलेज फिल्लौर में नया सत्र शुरू

फिल्लौर | डीएवी सेंटेनरी कॉलेज फिल्लौर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत वार्षिक हवन यज्ञ के साथ हुई। पंडित नारायण ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विद्यार्थियों से आहुतियां दिलवाईं और उन्हें उच्च शिक्षा व ईश्वर भक्ति का आशीर्वाद दिया। समारोह में गुरशरण सिंह बिरदी, हरविंदर कौर बिरदी, एडवोकेट अमरेन्द्र सिंह, कुमार गौरव और स. इन्द्रपाल सिंह मान विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्राचार्य एसके मिढ़ा ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के बारे में बताया।

सुनील मौदगिल नाराज व रूठे हुए वर्करों की करवाएंगे घर वापसीः अनिल मित्तल

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज

सुनील मौदगिल के जिला भाजपा अध्यक्ष बनने पर भाजपा लुधियाना में संगठनात्मक रूप से ओर ज्यादा मजबूत होगी। क्योंकि सुनील मौदगिल लंबे समय से पार्टी से जुड़े हुए हैं वह पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों को भली भांति ढंग से समझते हैं। उक्त शब्द भाजपा नेता अनिल मित्तल ने सुनील मौदगिल को जिला भाजपा अध्यक्ष बनने पर सम्मानित करते हुए कहे। मित्तल ने आगे कहा कि सुनील मौदगिल के जिला भाजपा अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

मित्तल ने आगे कहा कि सुनील मौदगिल 2027 के विधानसभा चुनाव में हर नाराज व रूठे हुए कार्यकर्ताओं की घर वापसी करवा भाजपा की एक ऐसी टीम तैयार करेंगे जो विधानसभा 2027 के चुनाव में पूरे जोर शोर से कार्य करेंगी।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह। एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु । मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155